कार्यालय
अधीक्षण अभियन्ता
विद्युत वितरण मण्डल–द्वितीय
पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि0
घण्टाघर, सहारनपुर।

पत्रांकः– 1913 / वि0वि0म0द्वितीय/स0पुर/निविदा
विज्ञापन व्यवस्थापक
पंजाब केसरी
नई दिल्ली

दिनांक :– 05/1/2022
विज्ञापन व्यवस्थापक
शाह टाईम्स
मुजफ्फरनगर।

विज्ञापन आदेश

महोदय,

कृपया संलग्न 1 नं0 विज्ञापन निविदा सूचना अपने प्रतिष्ठित दैनिक/साप्ताहिक समाचार पत्र मे दिनांक 07.01.2022 के अंक में कम से कम स्थान में (हिन्दी भाषा के समाचार पत्रों के लिए 8–10 प्वाइंन्ट टाइप में तथा अंग्रेजी भाषा के समाचार पत्रों के लिए 6–8 प्वाइन्ट टाइप में (समाचार पत्रों के केवल एक कालम में) प्रकाशित करने की व्यवस्था करें। हेडिंग व नीचे का नाम व पता यथा सम्भव एक ही लाईन मे रनिंग मैटर के रूप में कम से कम स्थान में प्रकाशित करें।

1. स्थानीय प्रकृति की सूचनाएँ जैसे बिजली, बन्द रहने की सूचना, उपभोक्ता शिविर लगाने की सूचनाएँ बिजली बिलों के सम्बन्ध में सूचना आदि का प्रकाशन यथा सम्भव समाचार पत्र के स्थानीय पृष्ठ पर तथा निविदा सूचनाओं का प्रकाशन निविदा हेतु निर्धारित पृष्ट पर करने की व्यवस्था सुनिश्चित करें।
2. प्रकाशन के बाद विज्ञापन आदेश की प्रथम मूल प्रति प्रकाशन हेतु प्रेषित सामग्री की मूल प्रति के साथ, विज्ञापन शुल्क का बीजक तीन प्रतियों में अग्रिम भुगतान प्राप्ति रसीदी टिकट सहित प्रकाशित विज्ञापन को दो सम्पूर्ण वाउचर प्रतियां संलग्न करते हुये भुगतान हेतु प्रबन्ध निदेशक, पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि0, मेरठ को/अधोहस्ताक्षरी को (जहां भुगतान क्षेत्रीय स्तर पर होना है) प्रेषित करें। विज्ञापन आदेश की प्रथम प्रति के स्थान पर फोटो प्रति प्रेषित करने पर सत्यापन/भुगतान सम्भव नहीं होगा।
3. संलग्न हिन्दी/अग्रेंजी भाषा की विज्ञापन सामग्री का प्रकाशन अग्रेंजी भाषा के समाचार पत्र में अंग्रेजी भाषा में तथा हिन्दी समाचार पत्र में केवल हिन्दी भाषा में ही किया जाये। हिन्दी समाचार पत्र के लिये संलग्न अंग्रेजी भाषा की समाग्री का अनुवाद हिन्दी भाषा मे करने के उपरान्त ही विज्ञापन प्रकाशित किया जाये जिसके लिये समाचार पत्र को कोई अतिरिक्त शुल्क देय नहीं होगा।
4. विज्ञापन प्रकाशित होते ही विलम्बतम एक सप्ताह के अन्दर प्रकाशित विज्ञापन की एक कटिंग अधोहस्ताक्षरी को सूचनार्थ अवश्य भेज दी जाये अन्यथा सम्बन्धित बीजक का सत्यापन/भुगतान नही किया जायेगा।
5. यदि आपकी सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग उत्तर प्रदेश तथा विज्ञापन एवं दृश्य प्रचार निदेशालय, भारत सरकार द्वारा विज्ञापन दरें स्वीकृत न हो तो कृपया विज्ञापन को प्रकाशित न करें तथा अधोहस्ताक्षरी को अविलम्ब इस आशय की सूचना देने का कष्ट करें।
6. विज्ञापन के अन्त में सबसे नीचे छोटे टाइप में राष्ट्रीय हित में बिजली बचाएें का नारा तथा इस विज्ञापन आदेश की संख्या व दिनांक अवश्य प्रकाशित करें।
7. उक्त निर्देशों के विपरीत तथा गन्दे अथवा भद्दे ढंग से प्रकाशित किये गये विज्ञापनों में कारपोरेशन द्वारा नियमानुसार आवश्यक कटौती की जा सकती है अथवा सम्पूर्ण बीजक का भुगतान रोका/निरस्त किया जा सकता है।

संलग्नक–1–विज्ञापन आदेश प्रथम एवं द्वितीय प्रति
2–विज्ञापन समाग्री 1 नं0

भवदीय,

अधीक्षण अभियन्ता
Superintending Engineer
Electricity Distribution Circle-II

पत्रांकः– 1913 / दिनांकः– 05/1/2022

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1- प्रबन्ध निदेशक, पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि0, विक्टोरिया पार्क मेरठ को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि संलग्न निविदाए निगम की वैबसाईट पर अपलोड कराने की कृपा करें।
2- मुख्य अभियन्ता (वितरण) सहारनपुर क्षेत्र, पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि0, सहारनपुर।
3- उप मुख्य लेखाधिकारी, पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि0, जोनल कार्यालय सहारनपुर।
4- अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड–द्वितीय, सहारनपुर/रामपुरमनिहारान/नकुड।
5- नोटिस बोर्ड

अधीक्षण अभियन्ता
Superintending Engineer
Electricity Distribution Circle-II
SAHARANPUR

Scanned with CamScanner

पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि0,

निविदा सूचना

एतद्द्वारा विद्युत वितरण मण्डल–द्वितीय, सहारनपुर के अर्न्तगत निम्नलिखित कार्य सम्पादित कराये जाने हेतु अनुभवी निविदा दाताओं जिनके पास विद्युत सुरक्षा निदेशालय द्वारा जारी किया गया "क" श्रेणी कान्ट्रेक्टर का प्रमाण पत्र, उपरोक्त कार्य से सम्बन्धित अनुभव व अनुबन्ध की छायाप्रति (03 वर्ष से पूर्व का न हो), श्रमविभाग पंजीयन, जिलधिकरी द्वारा निर्मित चरित्र प्रमाण पत्र, अंकेक्षित बैलेन्स शीट (सी0ए0 द्वारा सत्यापित) पेन कार्ड, जी0एस0टी0 पंजीयन, आधार कार्ड, निविदाकार का काली सूची प्रमाण पत्र, निविदाकार बैंक पास बुक की छायाप्रति इत्यादि हो से ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र मूल्य रू0 1000+180= 1180.00 (जी0एस0टी0 सहित) की धनराशि एंव धरोहर राशि रू0 1800/– (अटठारैह सौ रूपये मात्र) की धरोहर राशि की धनराशि विद्युत वितरण मण्डल–द्वितीय, सहारनपुर के बैंक सैन्ट्रल बैंक ऑफ इण्डिया, कोर्ट रोड, सहारनपुर के खाता सं0 3668938333 आई0एफ0एस0सी0 कोड CBIN0281443 मे आर0टी0जी0एस0/ एन0ई0एफ0टी0 के माध्यम से जमा करायी जाये तथा बैंक जमा का साक्ष्य यथा योज्य यू0टी0आर0 सं0, पे–इन–स्लिप मूल की प्रति, ई–टेण्डर के प्रपत्रो के साथ आन–लाईन अपलोड की जायेगी। निविदा खुलने के दिन कोई सार्वजनिक अवकाश होता है तो निविदा अगले कार्य दिवस में खोली जायेंगी। किसी एक अथवा सभी निविदाये बिना कोई कारण बताये निरस्त करने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित होगा।

नोटः–निविदा प्रपत्र मूल्य व धरोहर राशि उपरोक्त खाता संख्या मे अलग–अलग निविदाओं के लिये अलग–अलग डाली जायें।

अल्पकालीन ई–निविदा सं0 107/डब्लू/2021–22

कार्य का नाम विद्युत वितरण खण्ड–रामपुर मनिहारन, सहारनपुर खण्ड के कार्यक्षेत्र में रामपुर मनिहारन एवं नानौता टाउन, मे विद्युत वितरण हेतु विभिन्न श्रेणी पर स्थापित क्षतिग्रस्त परिवर्तक (25/63/100 /250/400 एंव 630 के0वी0ए0 क्षमता के) बदलने हेतु 01 नं0 महिन्द्रा पिकअप/मेक्स–1000/टाटा–407 ड्राईवर सहित वाहन (जिसका मॉडल 2017 से पूर्व का न हो) जिससे वाहन के द्वारा क्षतिग्रस्त परिवर्तक एंव नये परिवर्तक साईट से स्टोर/वर्कशॉप लाने ले जाने का कार्य कराया जा सकें। वाहन पर 02 नं0 श्रमिक एंव उपरोक्त क्षमता के क्षतिग्रस्त परिवर्तको को गाड़ी से उतारने एंव चढाने की टी0एण्डपी0 व्यवस्था (हाइड्रा सहित) सहित किराये पर तीन माह हेतु रनिंग कान्ट्रैक्ट का कार्य।

निविदायें भाग 1:– उपरोक्त निविदाओ की प्राईसबीड निविदा खुलने के दिनांक 20.01.2022 पर 13.00 बजे तक **www.etender.up.nic.in** भरी जायेगी और निविदा का टैक्नोकॉमर्शियल प्रथम–भाग निविदा खुलने के दिनांक 20.01.2022 पर 13:30 खोला जायेगा एंव निविदा का द्वितीय–भाग उसी दिन यथा समय खोला जायेगा। कृपया वेब साईट **www.pvvnl.org**, एवं **www.etender.up.nic.in** पर विस्तार में सभी जानकारी, विवरण/डाउनलोड़ तथा अन्य किसी भी प्रकार के संशोधन/विस्तार के लिये निविदा खुलने की दिनांक से पहले तक लॉग ऑन करे। अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत वितरण मण्डल–द्वितीय, सहारनपुर। "बिजली चोरी की सूचना हेल्पलाईन नम्बर पर दें : 1800–180–3002 (मेरठ), 1800–180–8752 (लखनऊ)

अधीक्षण अभियन्ता
विद्युत वितरण मण्डल–द्वितीय
सहारनपुर
Superintending Engineer
Electricity Distribution Circle
SAHARANPUR

राष्ट्र हित में बिजली बचायें

Scanned with CamScanner